सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9th एवेन्यू आई.पी. एक्स.,पटपड़गंज ,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा: चार विषय :हिंदी पाठ -१० मैं बिजली हूँ

कठिन शब्द

१)आरामदायक

२)जगमगाते

३)झिलमिलाती

५)वाशिंग मशीन

५)उद्योगी

६)फैक्ट्री

७)सैटेलाइट

८)अंतरिक्ष

९)कौंधती

१०) बैटरियाँ

११)परमाणु

१२)किफायत

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न १) मनुष्य को कब पता चला कि दो चीज़ों की रगड़ से बिजली पैदा होती है?

उत्तर जब मनुष्य ने देखा कि काँच की छड़ पर फलालेन को रगड़ने से चिंगारी पैदा होती है । इसी तरह बालों में भी कंघी फिराने से कुछ चिट-चिट की आवाज़ होती है । तब मनुष्य को पता चला कि दो चीज़ों की रगड़ से बिजली पैदा होती है ।

प्रश्न २) बेंजामिन फ्रैंकलिन ने क्या प्रयोग किया था?

उत्तर बेंजामिन फ्रैंकलिन ने वर्षा वाले दिन रेशम की डोर बाँध कर पतंग उड़ाई और डोर के निचले हिस्से में एक चाबी बाँध दी । बादलों के बीच से बिजली डोर से होते हुए चाबी में आ गई । बेंजामिन ने चाबी को छुआ तो उन्हें बिजली का झटका लगा। इस प्रयोग से पता चला कि आकाश में प्रकाश की चमक बिजली का ही एक रूप है ।

प्रश्न ३) बिजली के बल्ब का आविष्कार किसने किया ? इसके पश्चात क्या हुआ ?

उत्तर बिजली के बल्ब का आविष्कार थॉमस अल्वा एडीसन ने किया था ।इसके पश्चात एडीसन ने बिजली बनाने वाला एक बड़ा यंत्र भी बना लिया, जिससे एक वर्ग मील क्षेत्र में रोशनी फैल रही थी ।

प्रश्न ४) बिजली की शक्ति पहचानने के बाद वैज्ञानिकों ने क्या किया ?

उत्तर बिजली की शक्ति पहचानने के बाद वैज्ञानिक बिजली को संग्रह करके रखने का उपाय ढूँढ़ रहे थे ताकि आवश्यकता पड़ने पर बिजली का इस्तेमाल किया जा सके।

प्रश्न ५) बिजली बनाने के तरीकों में हुए बदलावों पर कुछ पंक्तियाँ लिखिए ।

उत्तर पहले-पहल बिजली अमेरिका में पानी की मदद से बनाई गई थी ।फिर पवन चक्कियाँ चला कर बनाई जाने लगी ।उसके बाद कोयले से चलने वाले ताप-विद्युत संयंत्र लगाकर बड़ी मात्रा में बिजली बनाई जाने लगी । तत्पश्चात बिजली बनाने के लिए परमाणु संयंत्र भी लगाए गए ।आज बिजली सूरज की धूप से भी बनाए जा रही है ।

रिक्त स्थान भरो ।

१)<u>सुपर कंप्यूटर</u> और <u>अंतरिक्ष</u> में तैर रहे सैटेलाइट मेरी ही शक्ति से काम करते हैं ।

२) एडीसन ने उन्हें अंधेरे को जीतने की <u>युक्ति</u> दे दी थी ।

३) वैज्ञानिक मुझे बनाने की सुरक्षित विधियाँ खोज रहे हैं ।

४) आज मैंने मानव जीवन को काफी सुविधाजनक और आरामदेह बना दिया है ।

५) मैं इस्तेमाल करने पर खत्म होने वाली चीज हूँ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

प्रकाश - रोशनी

अविष्कार - किसी नई चीज का निर्माण करना

संग्रह - इकट्ठा करना

युक्ति - तरकीब

संयंत्र - निर्माण इकाई ,कारखाना